डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी, हिंदी सप्ताह
(उद्घाटन समारोह)
14–21 सितंबर 2021

नई दिल्ली। 14 सितंबर 2021; साहित्य अकादेमी कार्यालय में 'हिंदी सप्ताह' का आयोजन दिनांक 14 सितंबर 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अकादेमी के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अनुपम तिवारी अकादेमी के प्रभारी, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शरद दत्त का स्वागत तथा संक्षेप में परिचय प्रस्तुत किया। साहित्य अकादेमी के सचिव तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डॉ. के. श्रीनिवासराव ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम् तथा अकादेमी की पुस्तकें भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शरद दत्त ने अपने उद्घाटन व्याख्यान में कहा कि हम प्रत्येक वर्ष हिंदी सप्ताह मनाते हैं। हमें हिंदी दिवस वर्ष के 365 दिन मनाना चाहिए। सिर्फ़ हिंदी पखवाड़ा मनाने से नहीं बल्कि हमें अपने रोज़मर्रा के कार्यों में हिंदी को शामिल करना होगा, जिससे हिंदी भाषा को हम और अधिक समृद्ध कर सकें।

अंत में प्रभारी, रा.का.स. ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कार्यालय के सभी कर्मचारियों को अधिक संख्या में 'हिंदी सप्ताह' के दौरान आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अनुराध किया।

श्रीनिवास

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in